पतझड़-सर्दी के टीके

ये टीके महत्वपूर्ण क्यों हैं?
कोविड-19, इन्फ़्लुएंज़ा (फ़्लू) और रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस (Respiratory Syncytial Virus, RSV) के टीके गंभीर बीमारी के जोखिम को कम करते हैं। आप तीनों टीके एक ही समय में लगवा सकते हैं।

टीका		इसे लगवाने की सलाह किसे की जाती है?
इन्फ़्लुएंज़ा	इन्फ़्लुएंज़ा वायरस के 4 प्रकारों को निशाना बनाता है।	**6 महीने और उससे अधिक उम्र के हर व्यक्ति को** एक खुराक मिलनी चाहिए, यहां तक कि उन लोगों को भी जिन्हें अंडे से एलर्जी है। **8 साल और उससे कम उम्र के बच्चों को** उनके पहले सीज़न में दो खुराकें मिलनी चाहिए।
कोविड-19	ओमिक्रॉन के एक सब-वेरिएंट, XBB को निशाना बनाने के लिए अपडेट किये हुए। अपडेट किए हुए मॉडर्ना (Moderna), फ़ाइज़र (Pfizer) और नोवावैक्स (Novavax) टीके उपलब्ध हैं।	CDC की सलाह है कि **6 महीने और उससे अधिक उम्र के हर व्यक्ति** को उसकी आखिरी खुराक के कम से कम 2 महीने बाद अपडेट किया हुआ कोविड-19 टीका लगना चाहिए। • ज़्यादातर व्यक्ति जिनका यह टीकाकरण कभी नहीं हुआ है, उन्हें अप-टू-डेट माने जाने के लिए फ़ाइज़र/मॉडर्ना की एक खुराक या नोवावैक्स की दो खुराकों की ज़रूरत होती है। • 6 महीने से लेकर 4 साल की उम्र के जिन बच्चों का यह टीकाकरण कभी नहीं हुआ है, उन्हें अभी भी कोविड-19 वैक्सीन की दो या तीन खुराक लेने की सलाह दी जाती है।
RSV[1]	रेस्पिरेटरी सिंसिशियल वायरस (RSV) को निशाना बनाता है। RSV शिशुओं और बड़ी उम्र के वयस्कों में सांस की गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है।	**60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों** को RSV वैक्सीन के बारे में अपने हेल्थकेयर प्रदाता/फार्मासिस्ट से पूछना चाहिए। **गर्भवती व्यक्तियों** को RSV के सीज़न के दौरान 32 से 36 सप्ताह के बीच एक खुराक मिलनी चाहिए (शिशु को जन्म के बाद महीनों तक रहने वाली सुरक्षा मिलेगी)।

[1] यदि किसी गर्भवती व्यक्ति को RSV टीका नहीं लगता है, तो यह सलाह दी जाती है कि शिशु को RSV मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की एक खुराक दी जाए। 19 महीने तक के उन शिशुओं/बच्चों को भी एक खुराक दिए जाने की सलाह दी जाती है जो अपेक्षाकृत अधिक जोखिम में होते हैं।

ALAMEDA COUNTY HEALTH CARE SERVICES AGENCY
PUBLIC HEALTH DEPARTMENT

अधिक जानकारी के लिए, यहां जाएं
covid-19.acgov.org/vaccines
या QR कोड स्कैन करें:

कैटेलिन जेटेलिना (Katelyn Jetelina), MPH PHD और कैटलिन रिवर्ज़ (Caitlin Rivers), MPH PHD द्वारा *Your Local Epidemiologist* (*आपका स्थानीय महामारी विशेषज्ञ*) में "Fall 2023 Vaccines (पतझड़ 2023 के टीके)" और CDPH के फ़्लायर से रूपांतरित किया गया: https://eziz.org/assets/docs/IMM-1481.pdf